फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्दशी संवत 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 258 पेज 6, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
15 मार्च 2025 शनिवार

आज का मौसम
31 अधिकतम
19 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो




## ग्रीन कार्ड वालों को भी निकाल सकता है अमेरिका

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ग्रीन कार्ड होल्डर्स पर अब कहा है कि उन्हें हमेशा अमेरिका में रहने का हक नहीं है। एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में वेंस ने कहा ग्रीन कार्ड रखने का मतलब यह नहीं है कि किसी व्यक्ति को अमेरिका में हमेशा रहने का अधिकार मिल जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार के पास ग्रीन कार्ड होल्डर्स को निकालने का अधिकार है। उल्लेखनीय है कि ग्रीन कार्ड को कानूनी तौर पर स्थायी निवासी कार्ड के नाम से जाता है। इससे अमेरिका में स्थायी तौर पर रहने और काम करने का अधिकार मिलता है, बशर्ते कि व्यक्ति ऐसे अपराध में शामिल न हो जिससे इमिग्रेशन कानूनों का उल्लंघन होता हो। अमेरिका में ग्रीन कार्ड रखने वाले लोगों में मेक्सिको के बाद भारतीय दूसरे नंबर पर हैं। 2022 में 1.27 लाख भारतीयों को ग्रीन कार्ड मिला है। 12 लाख से ज्यादा भारतीय प्रवासी ग्रीन कार्ड की वेटिंग लिस्ट में हैं। अब वेंस के बयान के बाद ग्रीनकार्ड धारकों में यह चिंता बढ़ सकती है कि वे अचानक निर्वासित किए जा सकते हैं।

## मंत्री विजय शाह को धमकी - तीन दिन बचे हैं...

**खंडवा।** मप्र के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह को सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकी मिली है। आरोपी पूर्व कांग्रेस नेता मुकेश दरबार की तलाश में पुलिस ने खंडवा के रजूर गांव को छावनी में तब्दील कर दिया। खबरों के मुताबिक,



खंडवा पुलिस ने मुकेश दरबार को हिरासत में ले लिया है। मुकेश दरबार ने सोशल मीडिया पर मंत्री को धमकी भरी पोस्ट डाली थी। लिखा था- ÷हरसूद विधायक तेरी मौत तय है। तीन दिन में तेरा मर्डर हो जाएगा। बच सके तो बच ले।÷ जब मंत्री के समर्थकों ने दरबार से पोस्ट डिलिट करने को कहा तो उसने जवाब दिया कि मुझ पर कई केस लाद दिए गए हैं, मैं परेशान हूं। अब मंत्री को गोली मार दूंगा, चाहे वह कितनी भी सिक्योरिटी लगा ले।

### पूरे प्रदेश में उत्साह से मन रहा रंगपर्व, कुबेरेश्वर धाम में भक्तों का तांता, चल समारोह

# अब तक बरस रहा गुलाल, आज खाकी पर त्योहार का रंग, महादेव की होली भी

**भोपाल ,दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश में होली का रंग आज भी जमा हुआ है। कल दिन भर रंगपर्व मनाने के बाद आज भी कई जगहों पर जमकर होली खेली जा रही है। खासतौर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने में व्यस्त पुलिस की होली आज कई जिलों में चल रही है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उज्जैन पुलिस लाइन पहुंचकर रंग-गुलाल खेला। कल उन्होंने सीएम हाउस में ब्रज की होली मनाई थी। उन्होंने 'आज भोपाल में होली रे रसिया' फाग भी गाया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा सहित तमाम सांसद-विधायक भी मौजूद रहे। समारोह में सीएम यादव ने डमरू बजाया। त्रिशूल संभाल कर होली का जश्न मनाया। खास बात यह है कि शुक्रवार को रंपपर्व होने की वजह से पूरे प्रदेश में पुलिस को हाईअलर्ट पर रखा गया था। इस दौरान कहीं किसी अप्रिय घटना का भी समाचार नहीं है। लिहाजा आज पुलिस की होली का रंग भी खूब गाढा है। वहीं सीहोर के कुबेश्वर धाम में 'महादेव की होली' मन रही है।



उज्जैन में आज सुबह पुलिसकर्मियों के बीच सीएम

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सीएम हाउस में जमकर होली खेली, यहां कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों को उन्होंने रंग लगाया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल हुए।



होली का यह पर्व अभी चार दिन और चलेगा। रंगपंचमी के लिये भी होली की तैयारी हो रही है। इंदौर में यह उत्सव बहुत व्यापक तौर पर होता है। यहां की गेर बहुत मशहूर भी है। भोपाल में भी रंगपंचमी पर खूब होली होती है। उधर फागुनी बयार के साथ होली के रंग और लोक संगीत का उत्सव राजधानी में धूम मचाने को तैयार है। इस बार होली की उमंग को और खास बनाने के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के मुक्ताकाश मंच पर 18 मार्च की शाम भव्य सांस्कृतिक संध्या 'होरी हो ब्रजराज' का आयोजन हो रहा है। यह मावव संग्रहालय और टैगोर लोक कला एवं संस्कृति केंद्र, आर्यन इंटरनेशनल के संयुक्त तत्वावधान में होगा, जिसमें पारंपरिक होली उत्सव की झलक प्रस्तुत की जाएगी।

### होली के बाद सावधानी का अलर्ट भी...!

होली का उत्सव 19 मार्च को जैसे ही खत्म होगा तो लोगों को अतिरिक्त सावधानी की जरूरत पडेगी। दरअसल आखिरी दो सप्ताह में बेहद तीखी गर्मी की संभावना मौसम विभाग ने जता दी है। अधिकांश जिलों में पारा 40 डिग्री के पार पहुंच सकता है। इस दौरान 4 दिन तक लू चलने का भी अलर्ट है। जबकि अप्रैल-मई में 20 दिन लू की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, अबकी बार इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर-चंबल सबसे ज्यादा तपेगा। अभी मार्च के पहले पखवाड़े में प्रदेश में मौसम का मिला-जुला असर देखने को मिला है। मार्च के पहले सप्ताह में तेज ठंड पड़ी और भोपाल समेत कई शहरों में रात के टेम्परेचर ने 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। तो अब गर्मी का असर बढ़ता जा रहा है।

## बिहार, बंगाल समेत कई राज्यों में हिंसा, पथराव और फायरिंग



### बंगाल के बीरभूम में इंटरनेट 17 तक बंद

**नईदिल्ली, एजेंसी**

देशभर में होली और जुमा पर चार राज्यों में हिंसक घटनाएं हुईं। बिहार के मुंगेर में ग्रामीणों के हमले में एक एएसआई की मौत हो गई। पटना में दो गुटों में होलिका दहन का विवाद होली के दिन पथराव तक पहुंच गया। पुलिस की गाड़ी के शीशे तोड़ दिए गए। यहां फायरिंग की भी खबर है। झारखंड के गिरिडीह में होली के दिन दो गुटों में पथराव के बाद उपद्रवियों ने दुकानों और बाइक में आग लगा दी। विवाद किस बात को लेकर था, यह साफ नहीं हो पाया है। जबकि पंजाब के लुधियाना में दो समुदायों के बीच ईंट-पत्थर और बोतलें चलीं। झड़प में 11 लोग घायल हुए हैं। विशेष समुदाय के लोगों का कहना है कि नमाज अदा करते वक्त पथराव किया गया। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि पहले मस्जिद की तरफ ईंट फेंकी गई। कई वाहनों में भी तोड़फोड़ हुई है।

उधर पश्चिम बंगाल में भी हिंसा हुई है। भाजपा ने नंदीग्राम में मूर्ति तोड़ने का आरोप लगाया है। भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने भी तस्वीरें पोस्ट की हैं। मालवीय ने आरोप लगाया कि बरुईपुर, जादवपुर और मुर्शिदाबाद समेत पूरे प्रदेश में इसी तरह की घटनाएं सामने आई हैं। बंगाल के ही बीरभूम में 17 मार्च तक इंटरनेट बंद कर दिया है। अधिकारियों के मुताबिक यह कदम अफवाहों को रोकने के लिए उठाया है। जिले में पत्थरबाजी की घटना के बाद संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात की गई है।

## स्टारलिंक को भारत के सख्त नियमों के पालन का 'साफ संदेश'

**नईदिल्ली, एजेंसी**

अरब पति एलन मस्क की स्टारलिंक भारत में जल्द तो दस्तक देने वाली है लेकिन ऑपरेशन शुरू करने से पहले कंपनी को सख्त नियमों से गुजरना पड़ेगा। सरकार ने स्टारलिंक को भारत में एक कंट्रोल सेंटर बनाने का निर्देश दिया है। यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में संचार सेवाओं को रोका जा सके। खबरों के अनुसार, सरकार ने सुरक्षा जरूरतें भी बताई हैं। इनमें जरूरत पढ़ने पर कानून प्रवर्तन एजेंसियों को आधिकारिक माध्यमों से कॉल रोकने की अनुमति देना शामिल है। ये निर्देश स्टारलिंक के सैटेलाइट कम्युनिकेशन




लाइसेंस के आवेदन के अंतिम चरण में पहुंचने पर आए हैं। कंपनी मार्केटिंग, तैनाती और नेटवर्क विस्तार के लिए रिलायंस जियो और एयरटेल के साथ समझौतों पर काम कर रही है। भारत में कंट्रोल सेंटर कानून-व्यवस्था की स्थितियों से निपटने के लिए जरूरी माना जाता है। ऐसी स्थिति में तुरंत सैटेलाइट संचार सेवाओं को रोकना पड़ सकता है।

### नौ महीने से फंसे अंतरिक्ष यात्रियों को लेने रवाना हुआ स्पेसशिप

## अंततः 19 को अंतरिक्ष से लौट रहीं सुनीता

**वाशिंगटन, एजेंसी**





भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलिम्स चार दिन बाद, यानी अब 19 मार्च को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से धरती पर वापसी करेंगी। लंबे इंतजार के बाद इलॉन मस्क की स्पेस एजेंसी स्पेस एक्स का रॉकेट फॉल्कन-9 भारतीय समयानुसार करीब 4.30 बजे लॉन्च कर दिया गया है। नासा ने फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से इसे लॉन्च किया। इसमें क्रू ड्रैगन कैप्सूल से जुड़ी चार सदस्यीय टीम रवाना हुई। इस मिशन को क्रू-10 नाम दिया गया है। सुनीता और उनके साथ गए बुच विलमोर नौ महीने से अंतरिक्ष में फंसे हैं। उनके स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसकी वजह से उनकी वापसी तय समय पर नहीं हो पाई थी।

अब नए दल में नासा की ऐनी मैकक्लेन और निकोल अयर्स, जापानी अंतरिक्ष एजेंसी जाक्सा के टकुया ओनिशी और रूसी स्पेस एजेंसी रोस्कोस्मोस के कोस्मोनॉट किरिल पेस्कोव शामिल हैं। ये चारों अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स, बुच विलमोर और क्रू-9 के दो अन्य सदस्यों की जगह लेंगे। यह स्पेसक्राफ्ट आज पहुंच रहा है। जहां कुछ दिनों तक एडजस्टमेंट के बाद नई टीम संचालन संभालेगी। इसके बाद, क्रू-9 मिशन 19 मार्च के बाद किसी भी समय लौटेगा।

सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट में सवार होकर गए थे। यह मिशन सिर्फ 8 दिन का था, लेकिन तकनीकी खराबियों के कारण 9 महीने तक अंतरिक्ष में रहना पड़ा। हालांकि, स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट बाद में खाली लौट आया, लेकिन इसमें कोई बड़ी अतिरिक्त समस्या नहीं हुई।

## फिल्ममेकर व अभिनेता देब मुखर्जी का निधन



**मुंबई, एजेंसी।** मशहूर फिल्ममेकर अयान मुखर्जी के पिता और दिग्गज एक्टर देब मुखर्जी का निधन हो गया है। उन्होंने 83 की उम्र में होली के दिन अंतिम सांस ली। मुखर्जी लंबे समय से बीमार थे। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा था। मुखर्जी कई सालों से 'नॉर्थ बॉम्बे सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल' का आयोजन कर रहे थे, जो मुंबई का सबसे बड़ा दुर्गोत्सव माना जाता है। वे अभिनेत्री काजोल और तनीषा मुखर्जी के चाचा थे। जबकि देब मुखर्जी की बेटी सुनीता की शादी निर्देशक आशुतोष गोवारिकर से हुई है।

## कराटे ब्लैक बेल्ट होल्डर टीआई का हार्टअटैक से निधन

**इंदौर, एजेंसी**

होली की ड्यूटी पर तैनात थाना प्रभारी संजय पाठक की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। उन्हें सीने में दर्द की शिकायत के बाद बॉम्बे हॉस्पिटल लाया गया तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पाठक की ड्यूटी शुक्रवार को बेटमा में थी। वे आईजी ऑफिस में पदस्थ थे तथा मूल रूप से भोपाल के रहने वाले थे। इसके चलते आज इंदौर डीआरपी लाइन में होने वाला होली मिलन समारोह निरस्त कर दिया गया। पाठक जूडो कराटे में ब्लैक बेल्ट रह चुके हैं। इंदौर के कई थानों में उन्होंने ड्यूटी की है।

**मेट्रो एंकर**

### उम्र सीमा व राशि संबंधी नियमों में हो सकता है बदलाव

# अब आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ने के आसार, संसदीय समिति ने की सिफारिश

**नईदिल्ली, एजेंसी**

आयुष्मान योजना के तहत अब मुफ्त इलाज की उम्र सीमा व राशि में इजाफे के संकेत हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण पर राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव की अध्यक्षता वाली समिति ने केंद्र सरकार से यह सिफारिश की है। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस स्वास्थ्य योजना का फायदा मिल सके। इसमें कहा गया है कि उम्र सीमा 60 साल करना चाहिए। साथ ही इलाज के लिए मिलने वाली 5 लाख रुपए की राशि को भी बढ़ाकर दोगुना यानी 10 लाख रुपए करना चाहिए। अभी 70 साल के बुजुर्गों को इसका फायदा मिल रहा है। उल्लेडखनीय है कि केंद्र सरकार ने पिछ्ले साल 11 सितंबर को हाल ही में प्रधानमंत्री जन




आरोग्य योजना का विस्तार करके 4.5 करोड़ परिवारों के 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को कवर किया है। आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी बीमा योजना है, जो देश के सबसे गरीब 40 प्रतिशत लोगों को हर साल 5 लाख रुपए तक की मुफ्त इलाज की सुविधा देती है। नीति के तहत केंद्र सरकार ने यह योजना साल 2017 में शुरू की थी। हालांकि, पश्चिम बंगाल सहित कई राज्य इस योजना को मानने से इनकार कर रहे हैं और राज्य में खुद अपनी योजना चला रहे हैं। आयुष्मान योजना में पुरानी बीमारियां भी कवर होती हैं। किसी बीमारी में अस्पताल में एडमिट होने से पहले और बाद के खर्च इसमें कवर होते हैं। ट्रांसपोर्ट पर होने वाला खर्च इसमें कवर होता है।

### निजी व सरकारी अस्पताल में इलाज

इस योजना के तहत देश भर के सिलेक्टेड सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज करवाया जा सकता है। भर्ती होने के 10 दिन पहले और बाद के खर्च का भी इस योजना के तहत भुगतान का प्रावधान है। आयुष्मान योजना में पुरानी बीमारियां भी कवर होती हैं। किसी बीमारी में अस्पताल में एडमिट होने से पहले और बाद के खर्च इसमें कवर होते हैं। ट्रांसपोर्ट पर होने वाला खर्च इसमें कवर होता है। सभी मेडिकल जांच, ऑपरेशन, इलाज जैसी चीजें इसमें शामिल हैं। इस योजना के तहत अब तक साढ़े 5 करोड़ से ज्यादा लोग अपना इलाज करा चुके हैं।

# रंगोत्सव की धूम...






भोपाल, दोपहर मेट्रो। राजधानी में रंगो का त्योहार होली जमकर मनाया गया। इस मौके पर पुराने शहर में परंपरागत जलूस निकला। लोगों पर पानी की बौछारें की गईं। फोटो निर्मल व्यास



पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने समर्थकों संग होली खेली तो कांग्रेस व भाजपा कार्यालय पर भी पार्टी नेताओं ने होली खेली।



शिवाजी नगर में पार्षद योगेंद्र चौहान गुड्डू ने होली उत्सव का आयोजन किया इसमें बड़ी सख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने शिरकत की और गुलाल खेला।

# 3200 हेक्टेयर में ही सिमट गया बड़ा तालाब



**कैचमेंट के आसपास हुए अवैध निर्माण की फिर से बनेगी कुंडली**

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

बड़ा तालाब का अधिकांश हिस्सा सूखने और आकार 3200 हेक्टेयर में सिमटने के बाद सरकार संरक्षण के मुद्दे पर जागी है। सरकार ने शहर के मास्टर प्लान की तर्ज पर तालाब का प्लानिंग एरिया बनाने का फैसला लिया है, इसे भोजताल निवेश क्षेत्र कहा जाएगा। नए प्लानिंग एरिया में भोपाल और सिहोर के 100 गांवों को कैचमेंट एरिया में शामिल करने का फैसला हुआ है। मुख्य रूप से 67 गांव पूरी तरह से कैचमेंट के दायरे में आ रहे हैं। वर्ष 2014 में बनी सेप्ट यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट और अधिकांश अनुशंसाओं को भी तालाब मास्टर प्लान में शामिल करने की तैयारी है। प्लानिंग एरिया में मौजूद गांव के अस्तित्व, मौजूदा निर्माण और भविष्य की बिल्डिंग परमिशन के नियमों को तय करने के लिए प्लानिंग एरिया का प्रस्ताव अब शासन की हाई पावर कमेटी के पास भेजा जाएगा। कमेटी की मुहर लगने के बाद टीएनसीपी डायरेक्टर को भेजेंगे, ताकि सुझाव आपत्ति की सुनवाई के बाद नियमों का राजपत्र में प्रकाशन हो सके।

## सरकार की चुनौतियां

- भोपाल का खानू गांव और बैरागढ़ का एक भाग कैचमेंट में शामिल होगा। मौजूदा निर्माणों का क्या होगा ये सरकार को तय करना है।
- रामसर साइट होने के बावजूद बड़ा तालाब में सीवर का पानी मिलता है। इसे रोकने के लिए बने जलशोधन संयंत्र प्रभावी नहीं हैं।
- बड़ा तालाब रिटेनिंग वॉल बनाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं लेकिन निर्माण अधूरा है। नया कैचमेंट एरिया बनने के बाद इस दीवार का क्या होगा।
- वन विहार का 70 प्रतिशत भाग कैचमेंट में आ रहा है। यहां वाहनों की आवाजाही पूरी तरह बंद करना होगी।

### समय-सारणी भी तैयार, अप्रैल माह में और 16 जून से 20 जुलाई तक होंगे आयोजित

### अंग्रेजी एवं गणित विषय के 9 हजार 312 रिसोर्स पर्सन तैयार किये गए

# सरकारी स्कूलों में 9वीं में ड्रॉप-आउट दर कम करने के शुरू हुए ब्रिज कोर्स

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश में सरकारी स्कूलों में कक्षा 9वीं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों में अध्ययन के स्तर और दक्षता को सुधारने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग ब्रिज कोर्स का संचालन कर रहा है। इसके लिये हिन्दी, अंग्रेजी एवं गणित विषय के 9 हजार 312 रिसोर्सपर्सन तैयार किये गये हैं। इनका प्रशिक्षण भोपाल के वाल्मी संस्थान में फरवरी माह में कराया जा चुका है। प्रदेश में 4 हजार 200 हाई स्कूल और 4 हजार 100 हायर सेकेण्डरी सरकारी स्कूल हैं। अब इन स्कूलों में हिन्दी, अंग्रेजी एवं गणित के एक-एक शिक्षक को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था मार्च माह से शुरू कर दी गई है।

**27 हजार शिक्षकों को ब्रिज कोर्स का प्रशिक्षण:** प्रदेश में लगभग 27 हजार शिक्षकों को ब्रिज कोर्स का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ब्रिज कोर्स के माध्यम से सरकारी स्कूलों को ड्रॉप-आउट दर को कम करने में मदद मिलेगी। प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक अप्रैल माह में और 16 जून से 20 जुलाई तक ब्रिज कोर्स का संचालन करेंगे। ब्रिज कोर्स का संचालन सभी सरकारी हाई और हायर सेकण्डरी स्कूलों में होगा। इसके साथ ही इन 3 विषयों के अलावा



विज्ञान एवं संस्कृत विषय की प?ाई भी इन बच्चों को कराई जायेगी। लोक शिक्षण संचालनालय ने स्कूल में लगने वाली ब्रिज कोर्स की समय-सारणी भी तैयार की है।

**20 जुलाई के बाद गुणवत्ता जांचने एंड लाइन टेस्ट:** सरकारी हाई और हायर सेकेण्डरी स्कूलों में ब्रिज कोर्स की समाप्ति पर 20 जुलाई के बाद विद्यार्थियों की गुणवत्ता जांचने के लिये एंडलाइन टेस्ट की भी व्यवस्था की जा रही है। यह टेस्ट 21 से 25 जुलाई के बीच होगा। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी सरकारी स्कूलों को निर्देश दिये हैं। ब्रिज कोर्स की मॉनिटरिंग के लिये 3 स्तर पर राज्य, संभाग और जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा नियमित मॉनिटरिंग की जायेगी। जिला शिक्षा अधिकारी को प्रति माह कम से कम 10 विद्यालयों में मॉनिटरिंग किये जाने के लिये कहा गया है। उनके इस कार्य में जिला परियोजना समन्वयक और विकासखंड शिक्षा अधिकारी मदद करेंगे।

**जिला स्तर पर भी होगा मूल्यांकन:** ब्रिज कोर्स संचालन के दौरान जिला स्तर के अधिकारी रेन्डमली कम से कम 10 प्रतिशत विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाएं जिला स्तर पर बुलाकर पुनः मूल्यांकन करेंगे। इन बच्चों की दक्षता सुधार के लिये लोक शिक्षा संचालनालय स्तर पर वर्ष भर सतत् प्रयास किये जायेंगे।

### 5 और 12 अप्रैल को बेस लाइन टेस्ट

ब्रिज कोर्स के दौरान ही 5 और 12 अप्रैल को इन विद्यार्थियों का बेसलाइन टेस्ट अंग्रेजी, गणित और हिन्दी में लिया जायेगा। बेस लाइन टेस्ट पेपर 31 मार्च को स्कूल शिक्षा विभाग के विमर्श पोर्टल पर अपलोड कर दिये जायेंगे। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं। तय तिथियों में जो विद्यार्थी किन्ही वजह से टेस्ट नहीं दे पायेंगे, उनके लिये अलग व्यवस्था की गई है। बेस लाइन टेस्ट की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन संबंधित शिक्षकों द्वारा उसी दिन किये जाने की व्यवस्था की गई है। बेस लाइन टेस्ट में कम दक्षता वाले विद्यार्थियों के लिये अंग्रेजी, हिन्दी और गणित विषय के ब्रिज कोर्स की व्यवस्था की गई है।

**मेट्रो एंकर**

### स्टार्टअप को बढ़ावा, शोध कार्य में औद्योगिक जरूरतों को मिलेगी वरीयता

# मैनिट में 50 करोड़ रुपए से बनेगा अंतरराष्ट्रीय रिसर्च पार्क

### रिसर्च वर्क के निष्कर्षों पर तय होंगे प्रोडॅक्ट, शोधकर्ताओं व उद्योग को मिलेगा फायदा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) में विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए अत्याधुनिक रिसर्च पार्क तैयार किया जाएगा। यह पार्क भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) मद्रास के अनुसंधान पार्क की तर्ज पर बनेगा। जिससे मैनिट में उच्च गुणवत्ता वाली रिसर्च और नवाचार को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी। इस प्रोजेक्ट के लिए विश्व बैंक को 50 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजा गया है। राशि स्वीकृत होते ही निर्माण शुरू हो जाएगा।

मैनिट के अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना का एक प्रमुख उद्देश्य उद्योगों और



शोधकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करना है। मैनिट का रिसर्च पार्क उद्योगों और कॉर्पोरेट कंपनियों के साथ अनुसंधान में सहयोग बढ़ाने का एक मंच प्रदान करेगा, जिससे न केवल नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि शोध के परिणामों को व्यावसायिक रूप में परिवर्तित किया जा सकेगा। इससे शोधकर्ताओं को अपने आविष्कारों को व्यावसायिक सफलता की दिशा में बदलने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही यह उद्योगों को नए और उन्नत तकनीकी समाधान प्रदान करने में मदद करेगा।

**शोध की गुणवत्ता में होगा सुधार:** रिसर्च पार्क का मुख्य उद्देश्य शोध कार्यों के साथ शोध निष्कर्षों के आधार पर प्रोडॅक्ट प्रोडक्शन होगा। ताकि स्टार्टअप को बढ़ावा मिले। प्रत्येक शोधकार्य को व्यावसायिक उत्पादों में बदलने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इससे शोध की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। स्थानीय उद्योगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नए विषयों पर भी रिसर्च होगी।

### केंद्रीय मंत्रालय से मिली अनुमति

मैनिट के प्रोफेसर एसपीएस राजपूत ने बताया कि रिसर्च पार्क के निर्माण से अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोध को प्रोत्साहन मिलेगा। जिससे वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान को एक नई दिशा मिलेगी। संस्थान ने दो वर्ष पूर्व इस परियोजना की रूपरेखा तैयार की थी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय से इस संबंध में पहले ही निर्देश मिल चुके हैं। अब वित्तीय स्वीकृति के बाद निर्माण कार्य आरंभ होगा।

## कायस्थ समाज का कलम-दवात पूजन कल

**भोपाल।** कायस्थ समाज 16 मार्च को अपने आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त का कलम-दवात पूजन मनाएगा। श्रीराम जानकी चित्रगुप्त भगवान मंदिर, चित्रगुप्त नगर, कोटरा में दोपहर 12.30 बजे विशेष पूजन होगा। मां इरावती चित्रगुप्त संस्कृति एवं सामाजिक न्यास की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पूजन और हवन के साथ समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान किया जाएगा। उन्हें शॉल और श्रीफल भेंट किए जाएंगे। कार्यक्रम में सहकारिता एवं खेलकूद युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग सहित कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। शहर के अन्य स्थानों पर भी पूजन के आयोजन होंगे। 1100 क्वार्टर चित्रगुप्त मंदिर में सुबह 10.30 बजे, जवाहर चौक में शाम 4 बजे पूजन होगा।

## कल से इग्नू की बीएड और बीएससी नर्सिंग कार्यक्रम की प्रवेश परीक्षा

**भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के अकादमिक पाठ्यक्रम बीएड एवं बीएससी नर्सिंग (पोस्ट बेसिक) कार्यक्रम की प्रवेश परीक्षा 16 मार्च को दो पालियों में आयोजित की जायेगी। प्रथम पाली में बी.एड. की परीक्षा 10 बजे सुबह से आयोजित की जाएंगी और यह 2 घंटे अवधि की होगी तथा द्वितीय पाली में बी.एस.सी. नर्सिंग की परीक्षा 2 बजे से आयोजित की जाएगी जिसकी समय अवधि 2:30 घंटे की होगी। इग्नू के अपर निदेशक डॉ.अंशुमान उपाध्याय ने बताया कि इग्नू का बी.एड. कार्यक्रम कार्यरत शिक्षकों में बहुत ही लोकप्रिय हैं एवं एन.सी.टी. द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। इग्नू द्वारा संचालित बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम मे प्रवेश हेतु अनेक अभ्यार्थी इस प्रवेश परीक्षा में भाग लेंगे।

# जनपद पंचायत में धूल मिट्टी से परेशान लोग, सड़क निर्माण नहीं होने से वार्डवासियो में आक्रोश

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

नगर के मुख्य मार्ग से जाने वाले खकरिया मार्ग मैं धूल उड़ रही है यह मार्ग तीन वार्ड 8,9,10 से होकर गुजरता है इस मार्ग की दुर्दशा के शिकार वार्ड के वाशिंदे धूल मिट्टी से हैरान परेशान है लगभग 2 वर्ष से यह रोड उखड़ कर धूल मिट्टी में तब्दील हो गया है जिसके कारण लोगों का जीना दुभर हो गया है नगर परिषद इस मार्ग को बनाने में बजट न होने की बात कर समस्या का समाधान नहीं





कर पा रही है जिसके कारण लोगों में नगर परिषद के प्रति आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है।

इसी मामले को लेकर वार्ड वासी काफी परेशान नजर आ रहे हैं बस स्टैंड से जनपद कार्यालय तक पूरा रोड खराब है वार्ड क्रमांक 9 से होकर जाने वाले मार्ग की दुर्दशा ने लोगों के घरों तक को नहीं छोड़ रखा है इस मार्ग से निकलने वाली बाहनो , हवा चलने पर धूल मिट्टी घरों के अंदर प्रवेश कर रही हैं यह मार्ग जो बहुत जर्जर है जिसमें भारी वाहनों के चलने से अधिक मात्रा में धूल उड़ती है और वायु प्रदूषण होता है जिससे लोगों को सांस लेने में कठिनाई होती हैं और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है इस संबंध में नगर परिषद से कई बार चर्चा हुई, लेकिन समाधान नहीं निकला है अब तो वार्ड वासियों कह रहे हैं कि यदि समस्या का समाधान नहीं होता तो कठोर कदम उठाए जाये धूल मिट्टी से परेशान है अति शीघ्र मार्ग को बनाने की मांग करने वालों में अमित साहू,राहुल ठाकुर ,संदीप परस्ते, मुन्ना विश्वकर्मा, मोहम्मद शमीम, भूरा खान,जगदीश साहू, प्रेमलाल वाल्मीक, राधा ताल्मीक ,हर्ष वाल्मीक ,दसई वाल्मीक,प्रकाश रैकवार,दीपक रैकवार ,शैलेन्द्र सोनी, नरेन्द्र साहू,अशोक शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा,सुरेन्द्र सिंह,मनोज कुमार गौर, राजा खान,मनीष पाटकार,मूलचन्द्र विश्वकर्मा,शंकर लाल झारिया, ब्रजेश साहू,यशवंत सिंह,कुंजबिहारी ठाकुर, उमाशंकर मेमार, शिव कुमार अहिरवार,सलीम बेग,बब्लू रैकवार,अजुद्धी प्रसाद प्रजापति,चंदशेखर साहू, अशोक बेन,रजीत साहू ,चंदन सिंह शामिल है

## तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र का मामला

# नशे में धुत पुलिस ने संदेही को बेहरमी से पीटा महिलाओं और बच्चों से गाली-गलौज भी की

- **सैकड़ों की संख्या में आए ग्रामीणों ने एसडीओपी और तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन कार्यवाही की रखी मांग**






**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

तेंदूखेड़ा थाने में गत दिवस समय बड़ी संख्या में ग्राम के लोग तेंदूखेड़ा थाने पहुंचे उन्होंने पहले तेंदुखेडा एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा उसके बाद एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर आप बीती बताई बाद में उचित आश्वासन नहीं मिला तो सभी ग्रामीण दमोह पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचे ।

### ये है मामला

तेंदूखेड़ा थाने अतर्गत ग्राम उमरिया ओरियामॉल में तीन चार दिन पहले एक महिला ने तेंदूखेडा थाने आकर शिकायत की थी महिला ने बताया था कि उनके घर से कुछ जेवर चोरी हुए है पुलिस उस मामले की जांच पड़ताल के लिए गई थी लेकिन जो पुलिस कर्मी गये वह अत्यधिक शराब के नशे में थे और उन्होंने उस युवक को वही बेहरमी के मारा जिस पर उनको संदेह था मारपीट में युवक का हाथ भी टूट गया उसी दौरान ग्राम की महिला पुरुष नाबालिक लड़कियों को भी पुलिस ने शराब के नशे में गली गलौज की और बाद में बुधवार की शाम उसको लेकर तेंदूखेडा थाने आ गये जिसको आज भी पुलिस बंद किए हुए है गुरुवार को उमरियामॉल से लगभग आधा सैकड़ा ग्रामीण आए और तेंदूखेडा एसडीओपी के पास पहुंचे जिन्होने बताया कि ग्राम में चोरी हुई वह बात अलग है मगर पुलिस शराब के नशे में क्यों गई और आरोप सिद्ध नहीं है उसके बाद भी गोरेलाल की बेहरमी से पिटाई क्यों की साथ ही अन्य ग्रामीणों में महिलाओं नाबालिक बेटियों ने कहा हमलोग तो ग्राम के है हमलोगो को भी गंदी गंदी गाली दी जो पूरी तरह गलत है इसलिए पुलिस कर्मियों और डायल सो के चालक पर कार्यवाही की जाये रामसखी आदिवासी रक्षा आदिवासी ने बताया हमलोग ग्राम के है शराब के नशे में पुलिस कर्मी जिस समय गोरेलाल की बेहरमी से पिटाई कर रहे थे हम लोग देख रहे थे गोरेलाल को लाठियों ने बहुत मारा उसके बाद हमलोगो को गंदी गंदी गाली दी जबकि हमलोगो का कोई मामला ही नहीं था इसलिए उन पुलिस कर्मियों पर कार्यवाहीं की जाये।

घनश्याम आदिवासी तुलसीराम गौड़ गिरन गौड़ ने बताया कि गोरेलाल ने कोई चोरी नहीं की है पूरा गांव उसका गवाह है और यदि चोरी की शिकायत हुई थी तो पुलिस को बीच ग्राम में मारपीट करने का अधिकार किसने दिया गोरेलाल की बेहरमी से मारपीट की दर्जनों लोग मौके पर मौजूद थे बाद ने ग्राम की महिलाओं को शराब के नशे में मा बहन की गली दी जबकि उनका कोई कसूर नहीं है यदि पुलिस ही शराब पीकर गुंडागर्दी करने लगेगी को आम लोग किसके पास मदद हेतु जायेंगे बाद में उन पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही करने तेंदुखेडा एस डी ओ पी ज्ञापन सौंपा।

### *एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

एसडीओपी के बाद ग्रामीण महिला और नाबालिक बेटियों के साथ तहसील पहुंचे वहां पर तेंदूखेडा तहसीलदार को पूरी घटना से अवगत कराया तहसीलदार ने महिलाओं और नाबालिक बेटियों से पूरी घटना की जानकारी ली और बाद में तेंदूखेड़ा टीआई से फोन पर बात कर उन लोगों पर कार्यवाही करने की बात कही जिन्होंने नाबालिक बेटियों और महिलाओं से अशब्दो का प्रयोग किया है।

### इनका कहना है

इस मामले में तेंदुखेडा एसडीओपी डीएस ठाकुर ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया ओर मामले की जांच करने की बात कही ।

वहीं तेंदूखेड़ा तहसीलदार विवेक व्यास ने कहा में अभी पूरे मामले से तेंदूखेड़ा एसडीएम को अवगत कराया हू और कलेक्टर को भी एसडीएम के माध्यम से अवगत कराया जायेगा

# स्व-सहायता समूह की बहनों ने कलेक्टर व सीईओ जिला पंचायत को दी होली की शुभकामनाएं



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

- **समूह द्वारा तैयार किए गए हर्बल गुलाल, श्रीअन्न मिलेट के व्यंजन और अन्य उत्पाद उपहार**

म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत नर्मदापुरम अंतर्गत गठित एवं संचालित स्व-सहायता समूह की बहनों ने कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम एस. एस रावत को होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समूह द्वारा तैयार किए गए हर्बल गुलाल, श्रीअन्न मिलेट के व्यंजन और अन्य उत्पाद उपहार स्वरूप दिए।

कलेक्टर सुश्री मीना ने समूह द्वारा बनाए जा रहे उत्पादों की सराहना की और बहनों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूह की बहनें अपने उत्पादों के माध्यम से न केवल अपनी आजीविका को मजबूत बना रही हैं, बल्कि समाज में भी एक सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं।

इस अवसर पर कलेक्टर कार्यालय में समूह की बहनों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें हर्बल गुलाल, श्रीअन्न मिलेट के व्यंजन, फूलों से बनी अगरबत्ती और अन्य उत्पाद शामिल थे। इन उत्पादों को सभी के द्वारा बहुत पसंद किया जा रहा है और क्रय किया जा रहा है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम श्री सिंह द्वारा बताया गया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य स्व-सहायता समूह की बहनों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों को प्रदर्शित करना और उन्हें बाजार में उतारने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर कलेक्टर और जिला पंचायत कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी और स्व-सहायता समूह की बहनें उपस्थित थे।

# होली पर पॉलिटेक्निक कॉलेज में उड़ाया गया रंग गुलाल

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

होली के पावन त्यौहार पर शासकीय पॉलिटेक्निक नर्मदापुरम में खूब रंग गुलाल उड़ाया गया और सनातन धर्म के इस महत्वपूर्ण त्यौहार को बड़ी खुशियों के साथ मनाया गया. इस अवसर पर महाविद्यालयके प्राचार्य डॉक्टर पीसी नरवर आरआर चंद्राकर देवेश तिवारी विभाग अध्यक्ष और समस्त अतिथि सहित छात्र-छात्रा और स्टाफ के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे. सभी ने यह रंग उत्सव बड़ी हंसी खुशी के साथ मनाया. आगामी समय में संस्था में इस रंग भरे मौसम में अच्छा कार्य




करने के लिए सभी को प्रेरित किया गया. प्राचार्य डॉ पीसी नरवर द्वारा सभी छात्र-छात्र का मुंह मीठा करके होली की शुभकामनाएं दी गई।

## माहेश्वरी महिला मंडल ने मनाया फाग उत्सव, खेली गुलाल की होली

**सिवनीमालवा।** माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा सीताराम मंदिर में फाग उत्सव का आयोजन रखा गया। जिसमें सर्वप्रथम भगवान की पूजा-अर्चना कर फूलों एवं गुलाल से होली खेली गई। भगवान को रंग-बिरंगे रंग लगाए गए। महिला मंडल ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर फाग उत्सव की शुभकामनाएं दीं। फाग एवं होली के भजन गाए गए भजनों पर नृत्य किए गए। तत्पश्चात भगवान का भोग लगाकर प्रसादी वितरण की गई। इस अवसर पर नीरू राठी, प्रेमलता तोषनीवाल शीला खडलोया, शीला सारडा, वर्षा सारडा, श्वेता खडलोया, सुनीता तोषनीवाल, पुनीता सारडा, मोना टावरी, खुशबू सारडा, प्रियंका सारडा, सविता टावरी सहित महिला मंडल उपस्थित था।

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने किया ईवीएम/वीवीपीएटी वेयर हाउस का निरीक्षण

# मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक संपन्न बैठक में पार्टियों ने प्रस्तुत किए महत्वपूर्ण सुझाव

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के तवाभवन स्थित ईवीएम /वीवीपीएटी वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मनोहर बढ़ानी,अनोखी लाल राजोरिया, प्रशांत दीक्षित, रामकिशोर बामने, धनीराम गौर तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह, नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे, निर्वाचन सुपरवाइजर कैलाश दुबे, कार्यपालन यंत्री कुबेर सिंह मिर्धा उपस्थित रहे।



### कलेक्टर कार्यालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ सामान्य बैठक भी हुई आयोजित

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष प्रतिनिधियों के साथ सामान्य बैठक भी आयोजित की गई। बैठक के दौरान निर्वाचक नामावली तैयार करने के संबंध में किसी प्रकार की शिकायत या निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से सुझाव प्राप्त किए गए। इसी के साथ जिले के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में पूर्व में आयोजित बैठकों के दौरान प्राप्त हुए अन्य सुझावों पर भी चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा विचार प्रस्तुत किया गया कि बीएलओ समय-समय पर बदलते भी रहते हैं जिससे निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान दिक्कतें होती है। तत्संबंध में सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को समस्त बीएलओ की अद्यतन सूची समय-समय पर उपलब्ध कराई जाए। प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि इसी प्रकार मतदान केंद्रों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था भी की जाए, साथ ही मतदान प्रक्रिया से जुड़ी समस्त जानकारी जैसे मतदान केंद्र का नाम, मतदाता क्रमांक, मतदान दिवस जैसी जानकारी मतदाता के एपिक नंबर से संबद्ध मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से प्रदान की जाए तथा मतदान किए जाने के उपरांत इसकी सूचना भी मतदाता के मोबाइल फोन पर पहुंचाई जाए इससे मतदान प्रक्रिया अधिक पारदर्शी एवं प्रभावशील बनाई जा सकती है।

**मेट्रो एंकर**

## महिला सशक्तिकरण अभियान का समापन

# प्रधान जिला व सेशन न्यायाधीश ने कहा- देश के विकास में नारी शक्ति के प्रयासों को नमन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में एवं सचिव विजय कुमार पाठक के मार्गदर्शन में 8 मार्च से 12 मार्च तक महिला सशक्तिकरण अभियान का आयोजन किया गया। उक्त अभियान में महिलाओ के सशक्तिकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवसीय के उपलक्ष्य में जिला विधिक सहायता अधिकारी अंकिता शांडिल्य के नेतृत्व में प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में न्यायालय में महिला अधिकारी गण, अधिवक्ता गण, कर्मचारी गण का जेल प्रशासन के समन्वय से जेल बंदियों द्वारा बनाये गए कार्ड एवं प्लांटर से सम्मानित किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नर्मदापुरम द्वारा विधिक जनजागरूकता प्रदर्शनी का नेशनल लोक अदालत के साथ प्रदेश की एकमात्र केंद्रीय जेल नर्मदापुरम की महिला बंदियों के अंजना स्वसहायता समूह द्वारा बनाई गई



सामग्रियों की प्रदर्शनी लगाई गई।

नेशनल लोक अदालत के अवसर पर बदलते भारत में नारी शक्ति की भागीदारी पर लॉ इंटरन्स हिमानी पाठक, अंकिता गौर, अंजलि लोवंशी, आरती, प्रार्थना, अनुराधा, संस्कार, शिवम, श्रेयांश मिश्रा, जुगल किशोर, पियूष, वंशिता, राधिका द्वारा नुक्कड़ नाटक किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य माँ नर्मदा एवं नारीशक्ति के सम्मान पंच जा योजना के प्रचार प्रसार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की टीम द्वारा जेल प्रशासन के सहयोग से जेल बंदियों द्वारा निर्मित आटे के दिये माँ नर्मदा नदी के तट पर प्रज्ज्वलित कर उक्त अभियान का सफल आयोजन कर प्रकृति संरक्षण का सन्देश दिया गया.

शासकीय विधि महाविद्यालय एवं नर्मदा विधि महाविद्यालय के छात्रा एवं छात्राओं द्वारा महिलाओ के विधिक अधिकारों पर विधिक जनजागरूकता सदभावना रैली का शहर के मुख्य मार्ग में आयोजित कर प्रचार प्रसार किया गया।

11 मार्च को ए डी आर भवन, न्यायालय परिसर जिला नर्मदापुरम में जिला विधिक सहायता अधिकारी अंकिता शांडिल्य के नेतृत्व में नर्मदापुरम न्यायालय में आने वाले नारी शक्ति अधिवक्ता गण, पक्षकार, महिला कर्मचारियों की स्वास्थ्य समस्याओ के निराकरण हेतु स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त स्वास्थ्य शिविर में लगभग 100 लोगों का परीक्षण किया गया।

### केंद्रीय जेल में महिला बंदियों के बीच चित्राकला प्रतियोगिता का आयोजन

12 मार्च को महिला सशक्तिकरण अभियान का महिला बंदियों के बीच महिला सशक्तिकरण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रतिभागियों को पुरुस्कार वितरित कर सम्मानित कर उक्त अभियान का समापन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी अंकिता शांडिल्य, जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी, उप जेल अधीक्षक प्रहलाद बरकडे, डिप्टी जेलर हितेश बांडिया सहित कार्यालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## राजीव गांधी चिकित्सालय में दो दिनों से जारी सफाई कर्मियों की हड़ताल

# शवों का नहीं हो रहा पीएम, बीएमओ के साथ स्टाफ ने ही लगाई झाड़ू

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

शासकीय राजीव गांधी जयंती जन चिकित्सालय में दो दिनों से स्वीपर की हड़ताल पर होने से व्यवस्था पूरी तरह से बिगड़ गई है। अस्पताल में हड़ताल के कारण पीएम भी नहीं हो पा रहे हैं दूसरे अस्पतालों में इनको भेजना पड रहा है। गुरुवार को पीएम के लिए दो लाशों को गंजबासौदा सहित दूसरे अस्पताल में पीएम के लिए भेजना पड़ा । अस्पताल में गंदगी के कारण मरीजों को परेशानी हो रही थी इसके बाद बीएमओ विकास सिंह बघेल के साथ डॉक्टर, स्टाफ ने अपने हाथों में झाड़ू लेकर साफ सफाई की वीएम ओ विकास बघेल ने बताया कि अस्पताल हमारा है इसलिए हम लोगों ने मिलकर साफ सफाई की हमारी जिम्मेदारी है अस्पताल को साफ स्वच्छ रखने की इसलिए हम लोगों ने झाड़ू थाम ली हड़ताल के कारण हमें मरीजों को परेशानी हो रही है स्वयं के खर्च से पीएम के लिए शवों को बाहर में भेजना पड़ रहा है। वहीं एक दिन पहले से अस्पताल में पीएम करवाने के लिए आए परिजनों पीएम नहीं होने परेशान हो तेरा इनकी सुनवाई नहीं हो रही थी डॉक्टर भी ध्यान नहीं दे रहे थे । इसकी सूचना के बाद किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने अस्पताल पहुंचकर बीएमओ एवं एसडीएम इसके संबंध में चर्चा की इसके बाद इनको पीएम के लिए बासौदा के अस्पतालों में भिजवाया गया। वहीं सफाई कर्मियों को केवल 1 महीने का वेतन शेष है इस बार है वेतन वृद्धि से लेकर। पीएफ की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। जल्दी हड़ताल खत्म नहीं हुई थी हालत और भी ज्यादा ख़राब होंगे। अस्पताल में हड़ताल के कारण पीएम नहीं से इनको दूसरे शहर में लेकर जाने और आने में समय बर्बाद होता है इस हालत में वैसे ही कहीं जाने की स्थिति नहीं होती आर्थिक रूप से भी स्थिति बिगड़ती है गरीब वर्ग को और ज्यादा मुश्किल हो है।। अस्पताल की सफाई करने के लिए गुरुवार को वीएम ओ के साथ डॉक्टर और स्टाफ ने अपने हाथों में झाड़ू लेकर साफ सफाई करके कचरे को एकत्रित करके इस काम को किया पर कितने दिनों तक डॉक्टर अपना मूल काम छोड़कर सफाई का काम करेंगे यदि यह लोग सफाई करने में लगे रहेंगे तो मरीजों को इलाज के लिए परेशान होना पड़ेगा वैसे ही अधिकांश समय डॉक्टर अस्पताल में मिलते नहीं अब उनको बहाना मिल जाएगा।इस समस्या का समाधान निकालने के लिए जल्दी ही कदम उठाने चाहिए। दूसरे विकल्पों पर जिम्मेदार अधिकारियों को विचार करके उनकी हड़ताल खत्म करवानी होगी इनकी जो जायज मांगों है उनको अस्पताल प्रबंधन और जिला कलेक्टर दूर करके हड़ताल को मरीज के हित खत्म करवाने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे अभी हालत अस्पताल के ठीक हैं शासकीय अस्पताल में गंदगी के कारण मरीजों को भी परेशानी हो रही है । दूसरे दिन की हड़ताल जारी है। होली के त्योहार में भी ठेकेदार ने इनकी वेतन नहीं डाली है ऐसे ठेकेदार प्रशासन को करवाई करनी होगी तभी हालात बदलेंगे ।





**इनका कहना है**

वेतन का भुगतान इनका 1 महीने का है मगर दूसरी मांगों इनके द्वारा की जा रही है जिनको हम पूर्ण नहीं कर सकते हैं आज हम लोगों ने मिलकर अस्पताल की सफाई की है।

**-विकास सिंह बघेल** बीएमओ

सफाई कर्मियों की हड़ताल को समाप्त करवाने के लिए हम सभी जरूरी पहलुओं पर काम कर रहे है कलेक्टर को भी अवगत करा दिया है।

**-हर्षल चौधरी** एसडीएम

# कलेक्टर ने वृद्धाश्रम में पहुंचकर वृद्धजनों के बीच मनाई होली



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले के सभी नागरिकों को होली व रंगपंचमी की शुभकामनाएं अभिव्यक्त करते हुए कहा कि रंगो के उल्लास पर्व को सभी सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाकर नई मिसाल कायम करेंगे। कलेक्टर ने होली की पूर्व संध्या पर श्रीहरिवृद्धाश्रम में पहुंचकर वृद्धजनों से संवाद किया और उन्हें होली की शुभकामनाएं अभिव्यक्त की। कलेक्टर श्री सिंह ने वृद्धजनों को अपने हाथो से गुलाल लगाई और चरण स्पर्श कर शुभाशीर्वाद प्राप्त किया है। इस दौरान उन्होंने सभी बुजुर्गो को अपने हाथो से मिष्ठान पैकेट वितरित किए है। कलेक्टर सिंह ने इससे पहले वृद्धाश्रम में बुजुर्गो के रहने हेतु, भोजन सहित अन्य दैनिक दिनचर्या की पूर्ति हेतु किए गए प्रबंधो का अवलोकन कर जानकारियां प्राप्त की है। उन्होंने रसोई कक्ष के रोशनदान में जाली लगाने के निर्देश सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक को दिए है। कलेक्टर ने वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धजनों से रू-ब-रू होकर उनकी दिनचर्या कैसे गुजरती है कि जानकारियां प्राप्त की। उन्होंने होली के पावन पर्व पर क्या-क्या मिष्ठान बनाएंगे कि जानकारियां लेते हुए खूब मिलकर होली खेले। रंग और जो भी चीज चाहिए सब उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने वृद्धजनों से आव्हान किया कि वे प्रसन्नचित मुद्रा में रहकर स्वंय आनंदित हो और दूसरो को संदेश दें। आश्रम की मीना सोनी ने भजन जनम-जनम का साथ हमारा तुम्हारा को गाया वहीं पंडित जी ने होरी पर वृदांवन की छंटा को बखान किया। वृद्धाश्रम की केयर टेकर सुश्री केसर जहां ने वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं, बुजुर्गो के संस्मरणो को सांझा किया। इस अवसर पर जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ व सामाजिक न्याय विभाग के उप संचालक श्री पंकज जैन के अलावा अन्य विभागो के अधिकारी मौजूद रहे।

# न्यायालय में निरोगी काया अभियान 2025 अतंर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ

**■ योगासन को दिनचर्या में शामिल कर खान-पान पर विशेष ध्यान दें - पीडीजी श्री जाकिर हुसैन**

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज जिला न्यायालय परिसर विदिशा में निरोगी काया अभियान 2025 अतंर्गत स्वास्थ्य शिविर सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर, माननीय पोर्टफोलियो जज जिला विदिशा, न्यायमूर्ति श्री जीएस अहलूवालिया के निर्देशन एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विदिशा श्री जाकिर हुसैन के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी विदिशा के समन्व्य से जिला न्यायालय परिसर विदिशा में निरोगी काया अभियान 2025 अतंर्गत स्वास्थ्य शिविर सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया था।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री जाकिर हुसैन के द्वारा मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर फूल माला अर्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरर्स की टीम, एवं न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री जाकिर हुसैन ने कहा कि, आज के दौर में देखा जा रहा है कि, कम आयु के व्यक्तियों को खराब जीवनशैली के कारण हाईपर टेंशन, डायबिटीज जैसी बीमारी का शिकार हो रहे हैं। जिसके लिये उन्होंने योगासन को अपनी दिनचर्या में शामिल करने एवं खान पान पर विशेष ध्यान देने की बात कही।





साथ ही समय समय पर स्वास्थ्य जांच कराने का भी आग्रह किया गया ताकि, समय पर बीमारी का पता चलने पर उसका उपचार कराया जा सकें।

स्वास्थ्य विभाग से उपस्थित डॉ. विकास रघुवंशी द्वारा बताया गया कि, स्वास्थ्य विभाग समिति विदिशा द्वारा 30 वर्ष से अधिक आयु के लोगो के लिये निरोगी काया अभियान 2025 के अंतर्गत हाईपर टेंशन, डायबिटीज, कैंसर की स्क्रीनिंग, उपचार, परीक्षण, रेफरल एवं प्रबंधन के संबंध में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त शिविर में लगभग 200 लोगो के स्वास्थ्य की विभिन्न जांचे की गई।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकर विदिशा श्री नीतेन्द्र सिंह तोमर द्वारा समस्त उपस्थित न्यायाधीशगण, डॉक्टरस टीम, अधिवक्तागण, न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण का उक्त कार्यक्रम, शिविर में सम्मिलित होने पर आभार व्यक्त किया गया। साथ ही अधिक से अधिक संख्या मे स्वास्थ्य शिविर में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया गया।

# प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

**सिरोंज भारत सरकार की प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 12 मार्च 2025 से बढ़ाकर 31 मार्च 2025 कर दी गई है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का उद्देश्य भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में देश के युवाओं को इंटर्नशिप करने का अवसर प्रदान करना है।**

इस योजना के माध्यम से युवाओं को 12 महीने तक विभिन्न व्यवसायो और रोजगार के अवसरों में वास्तविक जीवन के कारोबारी माहौल मे कार्य करने तथा संबंधित स्किल सीखने का अनुभव मिलेगा इन शीर्ष कंपनियों की सूची पीएम इंटर्नशिप योजना के पोर्टल पर उपलब्ध है।

शासकीय आईटीआई प्राचार्य श्री एपी श्रीवास्तव ने बताया कि पीएम इंटर्नशिप योजना में 21 से 24 वर्ष के बीच आयु के युवा जो पूर्णकालिक रोजगार एवं शिक्षा मे नहीं है, एवं जिन अभ्यर्थियों ने हाई स्कूल, हायर सेकन्डेरी स्कूल, आईटीआई, पॉलिटेक्निक संस्थान से डिप्लोमा या स्नातक किया है वे अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं।




इन्टर्नशिप की अवधि 12 माह होगी एवं इन्टर्नशिप के दौरान इन्टर्न को प्रतिमाह 5000 रुपये स्टाइपेन्ड दी जाएगी साथ मे बीमा कवर (प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना) भी रहेगा। इंटर्नशिप जॉइन करने पर इन्टर्न को भारत सरकार द्वारा राशि 6000 रुपये का एकमुश्त अनुदान प्रदान किया जाएगा। इस योजना में पंजीयन करने हेतु कारपोरेट कार्य मंत्रालय के पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। आवेदन की अंतिम तिथि 12 मार्च 2025 से बढ़ाकर 31 मार्च 2025 कर दी गई है।

आईटीआई प्राचार्य श्री एपी श्रीवास्तव द्वारा समस्त शासकीय, अशासकीय आईटीआई संस्थानों, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग कॉलेज एवं महाविद्यालयों से अपेक्षा की जाती है की इस योजना की जानकारी अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाए एवं अधिक से अधिक पंजीयन हेतु प्रेरित करने की अपील की है।

# पॉलीटेक्निक कॉलेज के पिछले हिस्से में स्थित झाडियों में आग

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सिरोंज लटेरी रोड स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज के पिछले हिस्से में स्थित झाड़ियों में मंगलवार को आग लग गई। जब धुंआ उठता दिखाई दिया तो कॉलेज प्रबंधन ने नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू को जानकारी दी। वे जनसुनवाई में बैठे थे और दमकल गाड़ी को सूचना देकर तुरंत ही मौके पर रवाना हो गए। जब वे मौके पर पहुंचे तो कॉलेज स्टाफ ही आग बुझाने का प्रयास करता दिखाई दिया। आग कॉलेज की वर्कशॉप के समीप तक पहुंच गई थी

कुछ देर बाद मौके पर दमकल गाड़ी भी पहुंच गई। दमकल गाड़ी से आग बुझाने के लिए तीन बार पानी भरकर मौके पर लाना पड़ा। इसी से आग पर काबू किया जा सका। आग लगने की वजह देर शाम तक स्पष्ट नहीं हो सकी थी। इस



दौरान कॉलेज परिसर की झाड़ियों और पौधे जरूर जल गए।

**मेट्रो एंकर**

## युवाओं की इस समस्या की ओर सागर सांसद डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े ने लोकसभा में सदन का ध्यान आकर्षित कराते हुए

# आईआईटी, आईआईएम और अन्य राष्ट्रीय संस्थानों में से किसी एक संस्थान की शाखा खोलने की मांग

**सिरोंज सागर, दोपहर मेट्रो**

किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसकी शिक्षा व्यवस्था पर निर्भर करती है हमारे देश के युवा प्रतिभाशाली हैं और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं परिणाम स्वरूप वैश्विक स्तर पर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं लेकिन एक पक्ष यह भी है कि उच्च स्तरीय तकनीकी और प्रबंधकीय शिक्षा के अवसर केवल महानगरों तक सीमित है, आई.आई.टी., आई.आई.एम., एन.आई.टी., एन.आई.डी., और एम.आई.टी. जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की शाखाएं बड़े शहरों तक ही सीमित रह गई है, इसलिए छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थी इन शाखाओं तक पहुंचने के लिए संघर्ष करते हैं, इसलिए छोटे शहरों में उच्च स्तरीय तकनीकी एवं प्रबंधकीय शिक्षा की विस्तार की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं और आईआईटी, आईआईएम, और अन्य राष्ट्रीय संस्थानों की शाखाएं पिछड़े और मध्यम श्रेणी के शहरों में भी खोली जाए।

युवाओं की इस समस्या की ओर सागर सांसद डॉ. लता गुड्डू वानखेड़े ने लोकसभा में सदन का ध्यान आकर्षित कराते हुए कहा कि छोटे और मझोले शहरों में उच्च स्तरीय तकनीकी एवं प्रबंधकीय शिक्षा के अवसर सीमित है, और सागर लोकसभा क्षेत्र भी इस चुनौती का सामना कर रहा है और यहां के युवा शिक्षा के लिए महानगरों की ओर पलायन करने को मजबूर है जिसे केवल उनके परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ता है बल्कि उनके अपने क्षेत्र के विकास में योगदान देने की संभावनाएं भी सीमित हो जाती हैं सरकार ने सबके लिए शिक्षा और समावेशी विकास का जो संकल्प लिया है उसे साकार करने के लिए यह आवश्यक है कि इन प्रतिष्ठित संस्थानों की शाखाएं छोटी और मझोले शहरों में भी स्थापित किये जाए यह केवल शिक्षा का विस्तार ही नहीं होगा बल्कि क्षेत्रीय विकास, नए रोजगार के अवसर और नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा। यदि सागर जैसे शहर में आईआईटी, आईआईएम, या एनआईडी जैसे संस्थान स्थापित किए जाते हैं तो यह न केवल स्थानीय विद्यार्थियों को लाभ पहुंचाएंगे बल्कि पूरे राज्य के शैक्षणिक और औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने निवेदन किया सागर संसदीय क्षेत्र में इन संस्थानों में से किसी एक संस्थान की स्थापना हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं जिससे हमारे क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो, नए रोजगार के अवसर उपलब्ध हो और हमारा संसदीय क्षेत्र भी राष्ट्र की प्रगति में एक सक्रिय भूमिका निभा सके।



# आईपीएल 2025 : दिल्ली कैपिटल्स ने क्रिकेटर अक्षर पटेल को कप्तान बनाया, 2019 से टीम का हिस्सा हैं



**नईदिल्ली, एजेंसी**

ऑलराउंडर अक्षर पटेल आईपीएल 2025 के लिए दिल्ली कैपिटल्स टीम के कप्तान होंगे। फ्रेंचाइजी ने शुक्रवार को इसका ऐलान किया। कप्तानी की रेस में केएल राहुल का भी नाम शामिल था। दोनों के नामों पर विचार किया गया और आखिर में अक्षर पटेल को टीम की जिम्मेदारी दी गई है। आईपीएल 2025 की शुरुआत 22 मार्च से होनी है। अक्षर पटेल 2019 से हैं टीम का हिस्सा अक्षर पटेल 2019 से दिल्ली कैपिटल्स का हिस्सा हैं। वह दिल्ली के सबसे अनुभवी खिला?ी हैं। उन्होंने पिछले 6 सीजन में टीम के लिए 82 मैच खेले हैं। वहीं, 30 के औसत से 235 रन बनाने के साथ ही 7.65 की इकोनॉमी से 11 विकेट भी लिए हैं। वहीं ऋषभ पंत के एक मैच में स्लो ओवर के लिए बैन होने की वजह से अक्षर कप्तानी कर चुके हैं। हालांकि, इस मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

## रेस में राहुल भी शामिल थे

दिल्ली ने 16.50 करोड़ में अक्षर को रिटेन किया था अक्षर पटेल को दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल मेगा ऑक्शन से पहले 16.50 करोड़ रुपए में रिटेन किया था। उन्होंने आईपीएल के 150 मैचों में बतौर बल्लेबाज 130.88 की स्ट्राइक रेट से 1653 रन बनाए हैं। इसके अलावा गेंदबाज के तौर पर 123 विकेट लिए हैं। इस लीग में अक्षर पटेल का बेस्ट बॉलिंग फिगर 21 रन देकर 4 विकेट है।

केएल राहुल को 14 करोड़ में दिल्ली ने आईपीएल ऑक्शन में खरीदा था केएल राहुल को दिसंबर में हुए आईपीएल मेगा ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने 14 करोड़ में खरीदा था। राहुल आईपीएल में कई टीमों की कप्तानी कर चुके हैं, ऐसे में माना जा रहा था कि फ्रेंचाइजी उन्हें कप्तानी की जिम्मेदारी सौंप सकती है। राहुल आईपीएल में 4683 रन बना चुके हैं।

### ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन: मेंस डबल्स में सात्विकसाईराज और चिराग शेट्टी चोट के कारण बाहर

# लक्ष्य सेन बाहर, क्वार्टर फाइनल में ली शि चीन के फेंग ने हरा दिया

**बर्मिंघम, एजेंसी**



बर्मिंघम में चल रहे ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन 2025 के खिताबी मुकाबले से लक्ष्य सेन बाहर हो गए हैं। उन्हें क्वार्टर फाइनल में चीनी खिलाड़ी ली शि फेंग से 10-21, 16-21 से हार का सामना करना प?ा।

दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी सेन ने थॉमस कप सहित ली के खिलाफ अपने पिछले दो मुकाबलों में जीत हासिल की थी। अब फेंग का सेमीफाइनल में सामना टॉप सीड शि यू की और सिंगापुर के लोह कीन यू के बीच के विजेता से होगा।

45 मिनट तक चले इस मुकाबले में लक्ष्य सेन संघर्ष करते हुए नजर आए। फेंग पहला गेम केवल 17 मिनट में ही जीत लिया। फेंग शुरू से ही ब?त बना कर चलते रहे। पहले 9-4, उसके बाद 11-4 की ब?त के साथ ब्रेक में प्रवेश किया। हालांकि, सेन वापसी करने का प्रयास किया और एक समय स्कोर 7-12 तक हो गया। फेंग ने वापसी की और फिर सेन को ज्यादा मौका न देते हुए 10-21 से पहला गेम जीत लिया। फेंग का सेमीफाइनल में सामना टॉप सीड शि यू की और सिंगापुर के लोह कीन यू के बीच के विजेता से होगा।

**दूसरे गेम में बढत लेने के बाद भी गंवा दिए गेम:** फेंग दूसरे गेम में भी शुरुआत से आगे रहे, लेकिन सेन 2-5 से पिछड़ने के बाद वापसी की और 10-8 की बढ़त भी बना ली, पर इस लय को बरकरार नहीं रख सके। स्कोर एक समय 14-14 की बराबरी पर हो गया। पर उसके बाद फेंग ने 17-15 की बढ़त बना ली। वहीं 18-15 के स्कोर पर सेन के अंगुली में चोट लग गई, जिससे खेल को कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। फिर अंत में फेंग ने इस गेम को 21-16 से जीत लिया। लक्ष्य सेन के अंगुली में चोट लगने से दूसरे गेम को कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। सेन ने प्री क्वार्टर फाइनल में डिफेंडिंग चैंपियन को हराया 2022 में इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले लक्ष्य ने डिफेंडिंग चैंपियन जोनाथन क्रिस्टी को हराया।

लक्ष्य के बाहर होने के साथ ही ऑल इंग्लैंड ओपन में भारत का एकल अभियान तीसरे दौर में ही समाप्त हो गया। इससे पहले एचएस प्रणय और पीवी सिंधु पहले दौर में ही बाहर हो गए थे, जबकि उभरती हुई स्टार मालविका बंसोड़ को दूसरे दौर में अनुभवी अकाने यामागुची ने हराया था। इस बीच, भारत की युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी चोट के कारण बाहर हो गए और रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ी भी हार गई।

### यूएफा चैंपियंस लीग फुटबॉल

# एटलेटिको मैड्रिड की टीम को 4-2 से दी शिकस्त

**नईदिल्ली, एजेंसी**

मैड्रिड. मौजूदा चैंपियन रियाल मैड्रिड ने यहां यूएफा चैंपियंस लीग फुटबॉल के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। बुधवार रात यहां खेले गए अंतिम-16 मैच में एटलेटिको मैड्रिड को रोमांचक पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से शिकस्त दी। हालांकि अंतिम-16 के दूसरे लेग का मैच एटलेटिको मैड्रिड ने 1-0 से जीता था। लेकिन पहले लेग में रियाल मैड्रिड ने 2-1 से जीत हासिल की थी। इस तरह से दो लेग के बाद कुल स्कोर 2-2 से बराबर रहा और मैच का परिणाम पेनल्टी शूटआउट से निकला, जिसने बाजी रियाल मैड्रिड ने मार ली। रियाल मैड्रिड ने यूएफा चैंपियंस लीग और यूरोपियन कप में कुल चौथी बार पेनल्टी शूटआउट में जीत हासिल की है।

**अब आर्सेनल की टीम से होगा मुकाबला:** क्वार्टरफाइनल में रियाल मैड्रिड का मुकाबला अब आर्सेनल की टीम से होगा। रियाल मैड्रिड की नजरें रेकॉर्ड 16वीं बार खिताब जीतना और अपनी बादशाहत कायम रखने पर है।

**कॉनोर ने 27वें सेंकेड में दागा गोल, मेहनत बेकार गई:** एटलेटिको मैड्रिड की टीम ने मैच में धमाकेदार शुरुआत की। टीम के स्टार खिलाड़ी कॉनोर गैलागेर ने मैच के 27वें सेंकेंड में गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। कॉनोर यूएफा चैंपियंस लीग में सबसे तेज गोल करने वाले एटलेटिको मैड्रिड के खिलाड़ी बने, लेकिन उनकी मेहनत पर पानी फिर गया। एटलेटिको मैड्रिड की टीम को 5वीं बार नॉकआउट में हार झेलनी पड़ी है।

**डोर्टमंड-एस्टन विला भी क्वार्टरफाइनल में पहुंचे:** टूर्नामेंट के अन्य अंतिम-16 मुकाबले में बोरुसिया डोर्टमंड और एस्टन विला ने भी क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। डोर्टमंड ने दूसरे लेग में लिली को 2-1 से हराया और 3-2 के कुल स्कोर से जीत हासिल की। वहीं, एस्टन विला ने क्लब ब्रूगे को दूसरे लेग में 3-0 से मात दी। एस्टन विला ने कुल 6-1 के अंतर से अंतिम आठ में प्रवेश किया। आर्सेनल ने पीएसवी के खिलाफ यहां अंतिम-16 के दूसरे लेग में 2-2 से ड्रॉ खेला। लेकिन पहले लेग में आर्सेनल ने 7-1 से बढ़ी जीत हासिल की थी। इस तरह से आर्सेनल की टीम ने 9-3 के कुल स्कोर संग क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। इस मैच में आर्सेनल के लिए ओलेकजेंद्रा चेंको और डिक्लेन राइस ने एक-एक गोल दागा। वहीं, पीएसवी के लिए इवान पर्सिस और क्यूहेब ने गोल दागा।



## मेट्रो बाजार

# नेशनल हाउसिंग बैंक रिपोर्ट: लोगों पर होम लोन का बकाया 14 फीसदी बढ़ा




**नईदिल्ली, एजेंसी**

देश में लोग जमकर मकान खरीद रहे हैं, जिससे लोगों पर बैंकों का होम लोन का बकाया 14 प्रतिशत से बढ़कर 33.53 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो देश की जीडीपी के 11 प्रतिशत से भी ज्यादा है। नेशनल हाउसिंग बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक, देश के शहरी और ग्रामीण दोनों ही इलाकों के हाउसिंग सेक्टर में अच्छी तेजी देखी जा रही है। सितंबर 2024 में खत्म हुई तिमाही में इसके पिछले वर्ष की तुलना में हाउसिंग सेक्टर में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि इसके पिछले वर्ष यही आंकड़ा 4.9 प्रतिशत था। यह तेजी आगे भी बरकरार रहने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक, एमआइजी यानी मध्यम आय समूह के लोगों में मकान खरीदने का क्रेज सबसे ज्यादा है।

**इन मकानों के लिए अधिक कर्ज:** रिपोर्ट के मुताबिक, बैंकों की ओर से बांटे गए होम लोन में सबसे अधिक 41फीसदी हिस्सेदारी मध्यम आय वर्ग की रही। वहीं कुल होम लोन बकाए मे इनकी हिस्सेदारी 43.35 फीसदी रही। इसी तरह ईडब्ल्यूएस और एलआइजी (निम्न आय समूह) की बकाया हाउसिंग लोन में 39 फीसदी व मकानों की खरीद में 33 फीसदी हिस्सेदारी रही। वहीं एचआइजी यानी उच्च आय समूह के लोगों की लोन में 26.1 फीसदी और कुल होम लोन बकाए में 17.34 फीसदी हिस्सेदारी है।

# एसआईपी में रिकॉर्ड 20,371 करोड़ रुपए का निवेश, म्यूचुअल फंड में गिरावट


**नईदिल्ली, एजेंसी**




लार्जकैप फंड में निवेश प्रवाह कम होने से इक्विटी म्यूचुअल फंड में गिरावट आई है। यह लगातार 38वां महीना है जब इक्विटी फंड में शुद्ध प्रवाह हुआ है।एम्फी के मुताबिक, पिछले महीने म्यूचुअल फंड उद्योग में 2.4 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह हुआ है। मार्च में 1.6 लाख करोड़ की निकासी हुई थी। सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश अप्रैल, 2024 में पहली बार 20,000 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। इस अवधि में एसआईपी निवेश बीते साल मार्च में 19,271 करोड़ से बढ़कर अब तक के उच्चतम स्तर 20,371 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हालांकि, इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश मार्च के 22,633 करोड़ से 16 फीसदी घटकर 18,917 करोड़ रुपये रहा। लार्जकैप फंड में निवेश प्रवाह कम होने से इक्विटी म्यूचुअल फंड में गिरावट आई है। यह लगातार 38वां महीना है जब इक्विटी फंड में शुद्ध प्रवाह हुआ है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के मुताबिक, पिछले महीने म्यूचुअल फंड उद्योग में 2.4 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह हुआ है। मार्च में 1.6 लाख करोड़ की निकासी हुई थी। म्यूचुअल फंड उद्योग में प्रबंधन के अधीन शुद्ध परिसंपत्तियां अप्रैल में बढ़कर 57.26 लाख करोड़ रुपये पहुंच गईं। मार्च अंत में यह 53.54 लाख करोड़ थीं।

**मनोरंजन** — बॉलीवुड का कोना

# *किंग खान के साथ काम करने के बाद भी फ्लॉप रही हृषिता भट्ट*



बॉलीवुड के ऐसे कई कलाकार हैं जो अपनी पसंद की फिल्मों में काम करते हैं और सिर्फ लिमिटेड फिल्मों में ही नजर आते हैं। इन्हीं में से एक नाम है एक्ट्रेस हृषिता भट्ट का, जिन्होंने अपने करियर में बहुत कम फिल्मों में काम किया, लेकिन उन्होंने जितनी भी फिल्मों में काम किया सभी ने उनके काम की तारीफ की। आज ऋषिता भट्ट का जन्मदिन है। आपको बता दें कि ऋषिता का जन्म 10 मई 1980 को मुंबई में हुआ था। आज उनके जन्मदिन के मौके पर हम उनसे जुड़ी कई बातों पर खुलकर चर्चा करेंगे। मुंबई में जन्मी ऋषिता भट्ट ने अपनी पढ़ाई लंदन के ट्रिनिटी कॉलेज से की। आपको बता दें कि ऋषिता साल 1999 में लिरिल के एक ऐड में नजर आई थीं। जिसके बाद वह म्यूजिक वीडियो 'आंखों में तेरा ही चेहरा' में नजर आईं। इस म्यूजिक वीडियो में उनके साथ बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर भी नजर आए थे। म्यूजिक वीडियो में इन दोनों की केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आई थी।

### शाहरुख के साथ नजर आ चुकी हैं

ऋषिता भट्ट ने शाहरुख खान के साथ फिल्म अशोका से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत महज 20 साल की उम्र में की थी। जिसके बाद वह छप्पन, दिल विल प्यार व्यार, शरारत जैसी कई फिल्मों में नजर आईं। लेकिन उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाईं। ऋषिता भट्ट ने साल 2017 में अपने बॉयफ्रेंड आनंद तिवारी से गुपचुप तरीके से शादी कर ली। बता दें, आनंद संयुक्त राष्ट्र में वरिष्ठ राजनयिक हैं।

### *'हीरामंडी' की सफलता के बीच सोनाक्षी के बयान से हलचल*

# खुद को फिर से माल नहीं बुलवा सकती

सोनाक्षी सिन्हा ने सीरीज 'हीरामंडी-द डायमंड बाजार' को लेकर उस समय सुर्खियां बटोरी थी। संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी इस सीरीज में सोनाक्षी 'फरीदन' का किरदार निभाया था। उन्होंने कहा मुझे नहीं लगता कि मैं कभी भी माल कहलाने की ओर लौट सकती हूं, यह एक ऐसा कदम है जो हर किसी को उठाना होगा। फिल्मों के चुनाव पर सोनाक्षी ने कहा, ऐसे कई लोग होते हैं, जो आपका आदर करते हैं।



### बहुत सारी है जिम्मेदारी

हाल ही में, एक इंटरव्यू में सोनाक्षी ने बताया कि अब वह अपने आप को माल नहीं बुलवा सकती हैं। अभिनेत्री ने कहा, एक कलाकार के तौर पर आपकी बहुत सारी जिम्मेदारियां होती हैं। बहुत सारे लोग हैं, जो आपकी ओर देखते हैं। मैं इस बात पर कायम हूं कि हां, मुझे कुछ बहुत बड़ी फिल्मों का हिस्सा बनने का अवसर मिल रहा था। तब भी कुछ चीजें महसूस हुईं और पता चला कि लोग इसे नोटिस करते हैं, इसके बारे में बात करते हैं। उन्होंने आगे कहा, अकीरा में मैं जिस तरह की भूमिकाएं निभा रही थी, उसके बाद मेरे किरदार में बदलाव को आप बहुत अच्छे से देख सकते हैं, इसलिए मैंने इसे सिर्फ कहने के लिए नहीं कहा है। मैं अपने शब्दों पर कायम हूं। मैं ऐसा नहीं करती।

# 'बॉर्डर-2' की रिलीज डेट से उठा पर्दा! सनी देओल के साथ 'गदर' करेंगे आयुष्मान



*पिछले साल अगस्त में ऐसी खबरें आई थीं कि सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल बनने जा रहा है। बताया गया कि इसके लिए जेपी दत्ता, उनकी बेटी निधि दत्ता और भूषण कुमार ने सहयोग किया है। जानकारी यह भी सामने आई थी कि इस बार निर्देशन की जिम्मेदारी निधि संभालेंगी। अब इस फिल्म से जुड़ी कुछ नई जानकारी सामने आई है। फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इस फिल्म का निर्देशन अनुराग सिंह करेंगे. बताया ये भी जा रहा है कि मेकर्स इस फिल्म को साल 2026 में गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज करने वाले हैं. रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से कहा गया है, 'बॉर्डर 2' को 23 जनवरी, 2026 को रिलीज करने का लक्ष्य रखा गया है। चूंकि फिल्म भारतीय सशस्त्र बलों पर आधारित है, इसलिए निर्माताओं को लगता है कि इसे रिलीज करने के लिए इससे बेहतर तारीख नहीं हो सकती। ये तो पहले से ही पता है कि इस फिल्म में सनी देओल अपने पुराने किरदार मेजर कुलदीप सिंह में नजर आएंगे और उनके साथ आयुष्मान खुराना भी होंगे. अब दोनों कलाकारों की इस फिल्म की रिलीज डेट सामने आ गई है. रिपोर्ट में एक सूत्र के हवाले से यह भी कहा गया है, फिल्म बॉर्डर 2 अपने लेखन चरण में चल रही थी और अब टीम ने एक स्क्रिप्ट बनाई है जो लोगों की उम्मीदों पर खरी उतरेगी।*

### कई यात्रियों के कीमती मोबाइल फोन और पर्स चोरी

# मोबाइल फोन छीनकर चलती ट्रेन से कूदकर भागा बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

नर्मदा एक्सप्रेस में सफर के दौरान एक युवक का मोबाइल फोन छीनकर बदमाश चलती ट्रेन से कूदकर भाग निकला। इसी प्रकार कई अन्य यात्रियों के कीमती मोबाइल फोन और पर्स समेत हजारों रुपए का सामान चोरी चला गया।

जीआरपी ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सीहोर निवासी जसपाल सिंह नर्मदा एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में रानी कमलापति से सीहोर की यात्रा कर रहा था।

वह कोच के गेट पर बैठकर मोबाइल चला रहा था। भोपाल स्टेशन आने से करीब पांच मिनट पहले ट्रेन काफी धीमी रफ्तार से चल रही थी। इसी दौरान एक बदमाश उसके पास पहुंचा और हाथ से मोबाइल फोन छीनकर चलती ट्रेन से कूदकर भाग निकला। लूटे गए मोबाइल की कीमत 15 हजार रुपए बताई गई है।

इधर गौतमबुद्ध नगर में रहने वाले मुज्जामिल अली कर्नाटका एक्सप्रेस के जनरल कोच में बंगलौर से नईदिल्ली की यात्रा कर रहे थे। भोपाल स्टेशन आने से पहले चार्जिंग पाइंट पर लगा उनका मोबाइल फोन चोरी हो गया।

चोरी गए मोबाइल की कीमत 23 हजार रुपए बताई गई है। सोते समय बैग और मोबाइल चोरी विदिशा निवासी अभिषेक अहिरवार गंजबासौदा से भोपाल स्टेशन आया था। उसे इंदौर जाना था।



ट्रेन का इंतजार करने के लिए वह प्लेटफार्म क्रमांक एक पर बैठ गया। इस दौरान उसे नींद लग गई। कुछ देर बाद नींद खुली तो बगल में रखा बैग और पैंट की जेब में रखा मोबाइल गायब था।

चोरी गए सामान की कीमत 17 हजार रुपए बताई गई है। इसी प्रकार चंद्रप्रकाश सनोडिया सिवनी जाने के लिए भोपाल स्टेशन पहुंचे थे। ट्रेन लेट होने के कारण वह प्लेटफार्म क्रमांक एक पर जाकर सो गए। इसी दौरान उनकी पैंट की जेब में रखा 15 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन चोरी हो गया।

ट्रेन में चढ़ते समय दो लोगों के पर्स चोरी भोपाल निवासी शैलेष श्रीवास्तव अपने दोस्त को रीवांचल एक्सप्रेस में बिठाने के लिए रानी कमलापति स्टेशन पहुंचे थे। इस दौरान ट्रेन में चढ़ते समय उनकी जेब में रखा पर्स किसी ने चोरी कर लिया। चोरी गए पर्स में 20 हजार रुपए नकद, चार बैंकों के क्रेडिट कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्रायविंग लाईसेंस, वोटर आईडी, आरसी कार्ड समेत अन्य दस्तावेज रखे हुए थे।

इसी ट्रेन से कटनी की यात्रा कर रहे भोपाल निवासी अभय सिंह की जेब से किसी ने पर्स चोरी कर लिया। चोरी गए पर्स में 5800 रुपये, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पेनकार्ड, इंश्योरेंस, यात्रा टिकिट और अन्य कागजात रखे थे। जीआरपी ने सभी मामलों में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चार्ली पर तैनात जवानों को हेलमेट वितरित

**भोपाल।** भोपाल शहर के सभी थानों में संचालित चार्ली पर तैनात जवानों की सुरक्षा एवं यातायात नियमों के मद्देनजर हेलमेट वितरित किए गए। आईआईएफएल होम लोन कंपनी की तरफ से यह हेलमेट दिए गए हैं। पुलिस आयुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय पंकज श्रीवास्तव और पुलिस उपायुक्त मुख्यालय श्रद्धा तिवारी द्वारा चार्ली में तैनात लगभग 200 पुलिस कर्मियों को हेलमेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में आईआईएफएल होम लोन फायनेंस के बिजनेस हेड अमित सेंगर, जोनल सेल्स हेड अभिषेक जोशी, रीजनल सेल्स मैनेजर संध्या जाधव एवं उनके स्टॉफ के अलावा बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कानून व्यवस्था बनाने में सहयोग करने और यातायात नियमों को प्रति जागरूकता फैलाने में अपनी भागीदारी निभानी वाले आईआईएफएल होम लोन कंपनी को पुलिस अधिकारी ने धन्यवाद दिया।

# छात्रा ने फांसी लगा कर की खुदकुशी



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कोलार इलाके में रहने वाली बारहवीं कक्षा की एक छात्रा ने शुक्रवार शाम घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसके पहले वह मोहल्ले में सहेलियों के साथ होली खेल रही थी। मृतका के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजनों ने फिलहाल ऐसी कोई जानकारी पुलिस को नहीं दी, जिससे फांसी लगाने के कारणों का खुलासा हो सके। जानकारी के अनुसार अंजली रावत पुत्र प्रफुल्ल रावत (17) गेहूंखेड़ा कोलार रोड स्थित भगवान स्टेट में रहती थी और बारहवीं कक्षा में पढ़ती थी। इन दिनों उसके पेपर चल रहे थे।

अंजली के पिता प्रायवेट काम करते हैं। शुक्रवार को अंजली ने मोहल्ले में सहेलियों के साथ होली खेली और उसके घर पहुंचकर नहाया। उसके बाद वह अपने कमरे में चली गई। कुछ देर बाद माता-पिता और भाई होली खोलकर घर पहुंचे तो दरवाजा भीतर से बंद मिला। काफी प्रयास के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला को अनहोनी के चलते परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खुलवाया तो भीतर अंजली फांसी के फंदे पर लटकी मिली। परिजन उसे तुरंत ही इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। कमरे की तलाशी में कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस का कहना है कि मर्ग जांच और परिजनों के बयान के बाद ही खुदकुशी के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**भोपाल।** गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित शारदा नगर, रेलवे ट्रैक पर बीती रात महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची ने शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। पुलिस के अनुसार 45 साल की विमलाबाई, इलाके में रहती थी और पन्नी बीनकर अपना गुजारा करती थी। बुधवार रात वह शारदा नगर रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। पुलिस का कहना है कि विमला बाई के परिजन और रिश्तेदारों की तलाश की जा रही है।

## ऑटो तेज चलाने की बात पर दो पक्षों में मारपीट



**भोपाल।** बजरिया इलाके में आटो तेज चलाने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार अंकित आर्य (19) कपड़ामिल की चाल स्टेशन बजरिया में रहता है और आटो चलाता है। इसी प्रकार ओमप्रकाश शर्मा (60) नन्नू पटेल की चांदबड़ में रहते हैं और गार्ड की नौकरी करते हैं। गुरुवार की रात करीब साढ़े दस बजे ओमप्रकाश अपने बेटे अंकित शर्मा के साथ हनुमान मंदिर के पास खड़े थे। इसी दौरान अंकित आर्य तेज रफ्तार आटो लेकर निकला, तो उन्होंने उसे आटो को धीमी रफ्तार में चलाने की समझाईश दी। इसको लेकर उनके बीच विवाद हो गया तो अंकित का भाई विवेक आर्य भी पहुंच गया। मामूली बात को लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के साथ मारपीट कर दी। बाद में थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने काउंटर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पार्टी के लिए पैसे नहीं देने पर की मारपीट

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद इलाके में होली जला रहे युवक पर चार लड़कों ने पार्टी के लिए पैसे मांगे और नहीं देने पर मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक धरमसिंह (42) मल्टी बाजपेयी नगर शाहजहांनाबाद में रहता है और ड्रायवरी करता है। गुरुवार रात वह मल्टी के सामने होली जला रहा था, तभी भूरा अपने दोस्तो तोफिक, कल्लू और नीरज के साथ पहुंचा। उन्होंने बोला कि पार्टी के लिए दो हजार रुपये दो। धरम सिंह ने रुपये देने से इंकार किया तो चारों ने उसके साथ जमकर मारपीट कर दी। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया तो चारों धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस ने मारपीट और अड़ीबाजी का मामला दर्ज कर लिया है। इसी इलाके में रहने वाले भुवनेश्वर भावसार के साथ मुदित नामक युवक ने मारपीट कर दी। फरियादी एक होटल में खाना बनाने का काम करता है। गुरुवार की रात वह अपने दोस्त से मिलने के लिए जा रहा था, तभी आरोपी ने पुलिस ने बात को लेकर उसके साथ मारपीट कर दी।

# ड्राय-डे पर शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**लाखों की अवैध शराब पकड़ी, कई तस्कर गिरफ्तार**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

होली के दिन शराब दुकानें बंद रहती हैं। ऐसे में अवैध शराब की तस्करी करने वालों ने पहले से ही शराब का भंडारण कर रखा था। इन तस्करों के खिलाफ क्राइम ब्रांच, आबकारी विभाग और भोपाल पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। इस दौरान लाखों रुपए की अवैध शराब जब्त की गई, जबकि कई तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। सभी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि मानसरोवर काम्पलेक्स के पास एक युवक अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो संदेही युवक गाडियों के बीच छिपकर शराब बेचने हुए दिखाई दिया। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम शुभम भोपरे (28) निवासी सरगम टॉकीज के सामने, शांती नगर थाना एमपी नगर बताया। उसके पास से कुल 350 लीटर अवैध शराब जब्त हुई। पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि उक्त शराब कोलार रोड निवासी सतीश नामक व्यक्ति की है, जिसे उसने बेचने के लिए दिया था। पुलिस ने अवैध शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। जब्त हुई शराब की कीमत 3 लाख 60 हजार रुपए बताई गई।



इसी प्रकार क्राइम ब्रांच की दूसरी टीम ने शांति नगर जैन मंदिर के पीछे पार्किंग में अवैध रूप से शराब बेच रहे सचिन पासी (33) निवासी शांती नगर को गिरफ्तार किया। उसके पास से 35 हजार रुपए कीमत की 35 लीटर अवैध शराब जब्त हुई। दुकानों की चैकिंग पर निकली आबकारी टीम भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के आदेश पर होली के दिन शहर की सभी शराब दुकानें बंद रखी गई थी। सहायक आबकारी आयुक्त दीपम रायचूरा के के मार्गदर्शन और आबकारी कंट्रोलर एचएस गोयल के नेतृत्व में आबकारी की अलग-अलग टीमें सुबह से ही शराब दुकानों की चैकिंग पर निकल गई थी। चैकिंग के दौरान शराब की सभी दुकानें सीलबंद मिलीं, लेकिन कई लोग सार्वजनिक स्थानों पर मदिरापान करते हुए मिले।

ऐसे लोगों के खिलाफ टीम ने आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। इस दौरान अलग-अलग स्थानों से कई दो पेटी अवैध शराब भी जब्त की गई। चार तस्करों से हजारों की शराब जब्त कमला नगर पुलिस ने अम्बेडकर नगर पुलिया के पास शुभम सरदार और अनस उर्फ कल्लू को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे से 427 क्वार्टर देशी शराब जब्त की गई है। जब्त हुई शराब की कीमत 35 हजार रुपए बताई गई है। इसी प्रकार गीतांजलि कालोनी गेट के पास हनीफ खां से 30 क्वार्टर कीमत 1200 रुपए की शराब जब्त की गई है। अरेरा हिल्स पुलिस ने भीमनगर के पास आनंद प्रजापति से 5320 रुपए और छोला मंदिर पुलिस ने नवजीवन कालोनी के पास गोकुल सौदा से 2100 रुपए की अवैध शराब जब्त की है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किए गए हैं।

**मेट्रो एंकर** गुनगा के मनीखेड़ी गांव की घटना, पुलिस ने अज्ञात पर दर्ज की चोरी की एफआईआर

# छह एकड़ में लगी गेहूं की फसल काटकर ले गए बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**गुनगा थाना क्षेत्र स्थित गांव मनीखेड़ी में अज्ञात बदमाश छह एकड़ में लगा गेहूं काटकर ले गए। घटना सोमवार रात से मंगलवार सुबह के बीच की है। दरअसल, सोमवार शाम को खेत की रखवाली करने वाला पहुंचा तो उसे फसल लगी हुई नजर आई और दूसरे दिन सुबह खेत पर पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। फसल कोई काटकर ले जा चुका था।**



इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने खेत का निरीक्षण करने के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी हरिशंकर वर्मा ने बताया कि चंद्रभान तिवारी भोपाल में रहते हैं। उनकी मनीखेड़ी गांव में छह एकड़ भूमि है।

उक्त भूमि पर उन्होंने बटाईदार के साथ मिलकर गेहूं की फसल बोई थी। चंद्रभान भोपाल में रहने के कारण खेत पर कम ही जाते हैं। उनके बटाईदार ने उन्हें मोबाइल पर जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार शाम वह खेत पर था, जब फसल खड़ी थी। मंगलवार सुबह खेत पर पहुंचा तो फसल कोई काटकर ले जा चुका था। जानकारी मिलते ही चंद्रभान तिवारी गुनगा पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए प्रकरण का खुलासा कर दिया जाएगा।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022